साई हम तेरे दीवाने है

कुछ तो बात है तुझमे साईं सब तेरे दीवाने है,
तेरे दर पर सब को मिलते कुछ न कुछ नजराने है,
कुछ तो बात है तुझमे साईं सब तेरे दीवाने है,

तेरी लीला बहुत निराली क्या से क्या कर देता ,
अपने उपर करके तू सब के दुःख हर लेता है,
तेरे करतब तुही जाने हम मुरख क्या जाने है,
कुछ तो बात है तुझमे साईं सब तेरे दीवाने है,

घर घर तेरी पूजा होती तेरी मूरत देखि है,
तू ही सागर तू ही सीपी तुही सीत में मोती है,
तेरी महिमा तू ही जाने हम बालक अनजाने है,
कुछ तो बात है तुझमे साईं सब तेरे दीवाने है,

पानी से तू दीप जलाए घर आँगन में खुशिया आये,
टूटे फूटे हुए मुकदर तेरे दर पर सब जुड़ जाए,
ये सब सच होते देखा है,
कोई नही अफ़साने है,
कुछ तो बात है तुझमे साईं सब तेरे दीवाने है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15727/title/sai-hum-tere-deewane-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |